हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 नवंबर, 2025


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री


12 बस स्टैंड का निर्माण कार्य 1 साल बाद भी पूरा न होने से यात्री परेशान





12 फसल अवशेष नहीं जलाने को लेकर एसडीएम ने किया ग्रामीणों को जागरूक




## खबर संक्षेप

### रोहतास बने संस्कृत अध्यापक एसो.के जिला प्रधान

**हिसार।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल, जहाजपुल में हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक एसोसिएशन के जिला हिसार के प्रधान पद के लिए सुरेंद्र कुमार वत्स पीजीटी संस्कृत जहाज पुल की देखरेख में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में रोहतास कुमार शास्त्री राजकीय उच्च विद्यालय, बुगाना को सर्वसम्मति से जिला प्रधान के पद पर चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला कार्यकारिणी का विस्तार का 16 नवम्बर को किया जाएगा।

### अर्जी संकीर्तन में भजन सुनकर झूमने लगे श्रद्धालु

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में अर्जी संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में भक्तों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए अर्जी लगाकर मन्नत मांगी। संकीर्तन के दौरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा एवं कई अन्य गायकों ने श्याम बाबा के भजन गाकर भावविभोर कर दिया। ये भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे।

### राजकीय कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय मंगाली के अंग्रेजी साहित्य परिषद द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता का संचालन परिषद की संचालिका मीनू ने किया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें अंग्रेजी के विभिन्न विषयों के दौर रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई व साहित्यिक ज्ञान तथा आत्मविश्वास विकसित करना है। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टीम सी प्रथम रही जिसमें कोमल, जिया व आस्था प्रतिभागी थे। द्वितीय स्थान टीम ए के प्रतिभागियों दीपिका, निशा व स्नेहा ने प्राप्त किया।

### शिक्षा ही गरीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी हथियार

**हिसार।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पेंशनर कल्याण एसोसिएशन के हरियाणा सर्किल सचिव बलबीर सिंह भुंबक का कहना है कि शिक्षा ही गरीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति का चहुमुखी विकास होता है तथा रोजगार के असीमित द्वार खुलते हैं। बलबीर सिंह भुंबक ने विद्यार्थियों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उच्च शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

### ऑटो मार्केट फेस-3 से नगर निगम की तहबाजारी टीम ने हटाया अतिक्रमण

# अल्टीमेटम खत्म, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑटो मार्केट में दुकानदारों तथा मिस्त्रियों द्वारा सड़क पर रखे गए सामान को हटाने के लिए दिए गए अल्टीमेटम में अवधि खत्म होती ही सोमवार को नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के मकसद से ऑटो मार्केट फेज 3 में लाव-लश्कर के साथ पहुंच गया। अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की तहबाजारी टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी साथ था। टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क पर रखी जर्जर गाड़ियों समेत अन्य सामानों को उठाना शुरू कर दिया। कुछ मिस्त्रियों ने निगम की कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन निगम टीम पर इसका कोई असर नहीं हुआ। नगर निगम की टीम ने क्रेन की सहायता से इन अवरोधों को हटाया और खराब खड़ी मशीन को बरवाला चुंगी के पास निगम की निर्धारित भूमि पर रखवाया। इसके अलावा सड़क पर रखे अन्य सामान को भी हटाया गया, जिससे क्षेत्र की सड़कों को साफ-सुथरा और सुगम बनाया जा सका। बता दें कि निगम प्रशासन ने ऑटो मार्केट का दौर कर मार्केट के दुकानदारों और मिस्त्रियों को सड़कों पर रख सामान को हटाने के लिए 9 नवंबर तक का अल्टीमेटम दिया था। तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को अतिक्रमण हटाओ महाअभियान की शुरुआत ऑटो मार्केट फेस-3 से की गई। अभियान के दौरान सिचाई विभाग के विकास बिसन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। अभियान में तहबाजारी टीम के साथ ऑफिस सहायक सुरेंद्र वर्मा, जेई राजकुमार तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की टीम ने समन्वय के साथ मिलकर कार्रवाई की गई। सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि ऑटो मार्केट फेस-3 क्षेत्र में काफी समय से रोड पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था।

- टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क पर रखी जर्जर गाड़ियों समेत अन्य सामान उठाया





**हिसार।** सामान उठाते निगम की जेसीबी व इस दौरान एकत्रित हुए दुकानदार।

#### लगातार जारी रहेगा महाअभियान

अतिक्रमण महाअभियान ऑटो मार्केट से शुरू होकर पूरे क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा। जब तक सभी अतिक्रमण पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाते, तब तक नगर निगम की कार्रवाई रुकने वाली नहीं है। दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों से अपील की कि वे स्वयं अपने-अपने अतिक्रमण को हटा लें।
-सुरेंद्र शर्मा, इंचार्ज, तहबाजारी टीम।

#### नगर निगम ने 5 दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत निगम अधिकारी नियमित रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं। सोमवार को निरीक्षण के दौरान दिल्ली रोड स्थित जिंदल पुल के पास और मॉडल टाउन एक्सटेंशन क्षेत्र में तकनीकी एक्सपर्ट व एएसआई सरोज ने कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदारों पर डस्टबिन का प्रयोग न करने और दो दुकानदारों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल के लिए चालान काटे। निरीक्षण टीम ने इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# अनियंत्रित होकर बस ट्रेक्टर से टकराई, ट्रेक्टर चालक की मौत

- बेकाबू बस साथ चल रही कार पर भी पलटी, कार चालक की जान बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सिवानी क्षेत्र के गांव गैंडावास के पास हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लगभग 70 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा सोमवार तड़के उस समय हुआ जब जयपुर से अमृतसर जा रही एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दूर जाकर पलट गया और बस बेकाबू होकर साथ चल रही एक कार पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक ताराचंद उम्र करीब 70 वर्ष घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### बस चालक पर किया मामला दर्ज

जांच अधिकारी एएसआई सत्यवान ने बताया कि मृतक ताराचंद के बेटे बलवान की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

#### बस-ट्रैक्टर टक्कर में बड़ा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ट्रैक्टर कई मीटर दूर जाकर गिर पड़ा। उसी दौरान बस असंतुलित होकर साथ चल रही कार पर पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग खिड़कियां तोडक़र बाहर निकले। सूचना मिलते ही पुलिस 112 एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। सभी घायलों को सिवानी के सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। बस की कई सवारियों को हल्की चोटें आईं, जबकि ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर होने पर उसे हिसार रेफर किया गया था। राजगढ़ से हिसार अपनी कार का काम करवाने जा रहे कार चालक नवीन श्योराण के अनुसार जब बस ने उसकी कार को टक्कर मारी और उस पर पलटी तो कुछ सेकंड के लिए होश उड़ गए। गाड़ी के एयरबैग खुलने से उसकी जान बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद नवीन काफी देर तक सहमा रहा। बस जयपुर से अमृतसर जा रही थी और उसमें सवार अधिकांश यात्री उत्तर भारत के विभिन्न शहरों की ओर जा रहे थे। राहत की बात यह रही कि बस के किसी यात्री की जान नहीं गई।

### फाइनेंसर से तंग लकड़ी कारोबारी ने लगाई फांसी

**हिसार।** ठंडी सड़क स्थित सुदामा नगर निवासी लकड़ी कारोबारी ने फाइनेंसर से परेशान आकर रविवार देर रात आत्महत्या कर ली। करीब 45 वर्षीय राजीव कालिया का शव सोमवार सुबह आरा मशीन के बरामदे में रस्सी से लटकता मिला। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे नकुल कालिया के बयान पर भिवानी जिला के गांव रोहनात निवासी विजेंद्र गिल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में राजीव कालिया ठंडी सड़क पर कालिया शाह मिल के नाम से आरा मशीन चलाता था। राजीव कालिया ने भिवानी जिला के रोहनात गांव के फाइनेंसर विजेंद्र गिल से 2012 में 17 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे।

### ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने विभिन्न मामलों के 7 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- रंजिशन चोट, शराब ठेका सेल्समैन से मारपीट और लड़ाई-झगड़ा करने के आरोपी शामिल हैं।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर जिला पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत लगातार सर्च एवं गिरफ्तारी अभियान के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों के सात आरोपी काबू किए हैं। इनमें रंजिशन चोट, शराब ठेका सेल्समैन से मारपीट और लड़ाई-झगड़ा करने के आरोपी शामिल हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए रंजिशन चोट पहुंचाने, शराब ठेका सेल्समैन से मारपीट करने तथा लड़ाई-झगड़ा करने के तीन अलग-अलग मामलों में कुल 7 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में सदलपुर निवासी भीमसिंह, फतेहाबाद के धारनिया निवासी महेंद्र सिंह, हिसार के मतलोढ़ा निवासी नवीन, जसबीर व नवीन, बरवाला के वार्ड 16 निवासी चुन्नी लाल एवं विजय शामिल हैं। प्रवक्ता के अनुसार ये सभी आरोपी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दर्ज रंजिशन झगड़ा, शराब ठेका सेल्समैन से मारपीट तथा आम लड़ाई-झगड़ा से संबंधित मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे।

## लुवास में डॉ. संदीप ने संभाला नया प्रशासनिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार गुप्ता को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व सौंपे गए हैं। उन्हें छात्र कल्याण निदेशक एवं संपदा अधिकारी व पशु चिकित्सा कार्यिकी एवं जैव रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष का प्रभार दिया गया है।

छात्र कल्याण निदेशक एवं एस्टेट ऑफिसर का प्रभार उन्हें वर्तमान निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग के कार्यभार मुक्त होने के उपरांत तथा विभागाध्यक्ष का प्रभार वर्तमान प्रोफेसर एंड विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया सिंधु के कार्यकाल पूर्ण होने पर सौंपा गया है। डॉ. संदीप गुप्ता इन दायित्वों के साथ-साथ चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे है। लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने डॉ. संदीप कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी है।



**हिसार।** छात्र कल्याण निदेशक का कार्यभार ग्रहण करते डॉ. संदीप गुप्ता, साथ है डॉ. सज्जन सिहाग, डॉ. मनोज रोज व डॉ. रेनू।

### एसकेएम ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मोर्चा के स्थानीय नेताओं ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने कहा कि जलभराव से फसल बर्बादी, मंडियों में एमएसपी पर खरीद न होना, खाद की किल्लत, पराली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न, बकाया मुआवजा, पानी निकासी के प्रबंध और बीमा कंपनियों की मनमानी जैसे मुद्दों पर सरकार की उदासीनता से किसानों में गहरा आक्रोश है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो एसकेएम बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा और इसकी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी। एसकेएम और मजदूर यूनियनों की संयुक्त बैठक धरना स्थल पर हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि ऐतिहासिक किसान आंदोलन की वर्षगांठ पर 26 नवम्बर को प्रदर्शन किया जाएगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लगाया मेगा किसान मेला लुवास कुलपति ने किया मेले का शुभारंभ

- मेले में विभिन्न स्थानों से आए हजारों किसानों ने मेले में पहुंचकर बेंकिंग प्रणाली का समूची जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बड़ौदा किसान पखवाड़े के 8वें संस्करण के अंतर्गत सोमवार प्रातः हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में मेगा किसान मेले का आयोजन किया। मेले में विभिन्न स्थानों से आए हजारों किसानों ने मेले में पहुंचकर बेंकिंग प्रणाली का समूची जानकारी ली। मेले का शुभारंभ लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा, बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक इन्द्र मोहन सिंह एवं महाप्रबंधक सभऐक सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। हिसार क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अंजनी कुमार सिंह चौहान ने बताया कि बड़ौदा किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किसानों के हितों में किसान मेला आयोजित किया गया। बैंक अधिकारियों की ओर से कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा सहित सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।



**हिसार।** मेगा किसान मेले का शुभारंभ करते लुवास के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा, उनके साथ हैं बैंक के उच्च अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन रजिस्ट्री के लिए अधिवक्ताओं ने मांगी ऑफिशियल आईडी

**हिसार।** नवंबर माह से प्रदेश की तहसीलों में शुरू की गई जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री में आ रही तकनीकी खामियों को दूर करवाने के लिए अधिवक्ताओं ने तहसीलदार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने डीड राइटर्स की तरह अधिवक्ताओं की भी पोर्टल पर आईडी बनवाने की मांग की है। अधिवक्ता कृष्ण सैनी, संजय सैन, संदीप कुमार, विजय टक्कर, शिव कुमार, विजय कुमार, सत्यवान, अनिल वर्मा, सीताराम, वरुण गुप्ता, निखिल गर्ग आदि ने बताया कि डीड राइटर्स की पोर्टल आईडी बनाई गई वहीं अधिवक्ता भी डीड पंजीकरण का काम काफी समय से करते आ रहे हैं। अब नए पोर्टल पर अधिवक्ताओं की कोई भी नई आईडी नहीं बनाई गई है, इसलिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## हकृवि के चार छात्रों का आईसीएआर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन

- विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को दी बधाई, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करके विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। आईसीएआर की ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर एडमिशन-पीजी में महाविद्यालय के विद्यार्थी कार्तिक ने अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान तथा सुहानी ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह अजय ने एआईआर-44 प्राप्त करते हुए सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी इंफाल की पीजी प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर विशेष उपलब्धि अर्जित की है। इसके साथ ही, नकुल सिंह ने एआईआर-101 प्राप्त कर परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

#### छात्र किए सम्मानित

उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों के लिए विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुहानी व अजय को सम्मानित किया गया, जबकि कार्तिक और नकुल को दूरभाष के माध्यम से बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर प्रभारी रचना गुलाटी, विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार बिश्नोई उपस्थित रहे।

**खेल** | पंजाब ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को कड़े संघर्ष में 2 विकेट से हराया

पांचवें दिन के मुकाबलों में रोमांच, जोश का दिखा शानदार प्रदर्शन

# क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025 के सुपर ओवर में पीएयू लुधियाना ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में चल रहे 21वें ऑल इंडिया वाइस-चांसलर टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025 के पांचवें दिन कुल छह रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए। एसआरसीसी ग्राउंड एवं स्काईहॉक्स क्रिकेट क्लब के मैदानों पर हुए इन मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। पहले मुकाबले में आरटीएम. नागपुर यूनिवर्सिटी ने जीएडीवीएएसयू लुधियाना को 47 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। नागपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाए, जबकि लुधियाना की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 106/8 रन ही बना सकी। दूसरे मैच में पंजाब यूनिवर्सिटी ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को कड़े संघर्ष में 2 विकेट से पराजित किया। पंजाब यूनिवर्सिटी ने 135 रनों के लक्ष्य को 18.2 ओवर में हासिल किया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया (स्टाफ टीम) ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी को एकतरफा खेल में 10 विकेट से हराया। हिमाचल ने 137 रन बनाए, जबकि जामिया ने बिना कोई विकेट खोए केवल 13 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। पीएयू लुधियाना और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के बीच हुआ मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने 131 रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में पीएयू लुधियाना ने बाजी मार ली।



**हिसार।** मैच के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

#### रोमांचक मैच में जम्मू की टीम जीती

सातवां मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जम्मू और जीबीपीयूएटी पंतनगर (उत्तराखंड) के बीच खेले गए इस मैच में दर्शकों को आखिरी ओवर तक सस्पेंस भरा खेल देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसकेयूएसटी जम्मू ने निर्धारित 20 ओवरों में 218 रन बनाए। जवाब में पंतनगर की टीम ने शानदार संघर्ष किया लेकिन 5 रनों से जीत से चूक गई। शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जम्मू ने 5 रनों से यह रोमांचक मुकाबला अपने नाम किया। सह जनसंपर्क अधिकारी एवं ग्राउंड कमेटी के संयोजक डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि पांचवें दिन के सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में आगे की प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया।

## खबर संक्षेप

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर गुरुग्राम से होगा शुरू

**हिसार।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है, वर्ष 2025 में एक बार फिर लौट रहा है। इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह मंच 'द वन एंड ओनली' की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा। फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा कि टूर की शुरुआत गुरुग्राम में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' से होगी।

### राजन बने पंजाबी वेलफेयर सोसायटी के प्रधान

**आदमपुर।** पंजाबी वेलफेयर सोसायटी की मीटिंग में सर्वसम्मति से भाजपा युवा नेता राजन ग्रोवर को सर्वसम्मति से सोसायटी का प्रधान बनाया गया है। इसके इसके अलावा पदाधिकारी भी सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर संरक्षक विनोद इलाहाबादी, नरेश ग्रोवर, सरदार प्रीतम सिंह, कृष्ण धमीजा, राज कुमार, रामकिशन मक्कड़, गजेंद्र कथूरिया, मनीश एलाबादी, जेपी पाहवा, प्रीतम धमीजा सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

### किसान ने लगाया नकली खाद देने का आरोप

**हांसी।** शहर में नकली या घटिया खाद बिकने मामला सामने आया है। उपमंडल के गांव भाटला निवासी किसान चेतराम बेरवाल ने सोमवार को हांसी की एक दुकान से खरीदी गई एमओपी खाद पर संदेह जताते हुए उसे घटिया स्तर का खाद दिए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कृष्णा देवी गुरुकुल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत पवित्र नगरी कुरुक्षेत्र का दौरा किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ज्योतिसर तीर्थ, ब्रह्मसरोवर, श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र, धरोहर संग्रहालय समेतप्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। विद्यालय की निदेशिका एडवोकेट काजल धायल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में जिज्ञासा, सामाजिकता और व्यवहारिकता का विकास करते हैं।

### आरडीएम स्कूल के विद्यार्थी अग्रोहा धाम गए

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक एवं धार्मिक भ्रमण पर अग्रोहा धाम ले जाया गया। इस भ्रमण में नर्सरी से पाँचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने वहां पहुंचकर अग्रोहा धाम के भव्य मंदिरों का दर्शन किया और महाराजा अग्रसेन के जीवन, उनके आदर्शों और उपदेशों के बारे में जाना। इस यात्रा ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामूहिकता के महत्व से अवगत कराया।

## भुगतान न होने के चलते कई बार लेबर ने छोड़ा काम

# बस स्टैंड का निर्माण कार्य एक साल बाद भी पूरा नहीं

**कार्य के लिए मंजूर किए गए थे 50 लाख रुपये**



आदमपुर। बस स्टैंड पर अधूरा पड़ा निर्माण कार्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

आदमपुर बस स्टैंड निर्माण कार्य एक साल बाद भी पूरा न होने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । बस स्टैंड के शौचालय, फर्श चारदीवारी, गेट, छत, ऑफिस रूम की मरम्मत व रंग-रोगन के लिए सरकार ने वर्ष 2024 में 50 लाख रुपये मंजूर किए थे। उसके बाद बीएंडआर विभाग ने इस कार्य के लिए एक ठेकेदार को ठेका दे दिया लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते एक माह बाद काम बंद हो गया क्योंकि उसने मजदूरों को भुगतान नहीं किया जिसके चलते मजदूर कार्य छोड़कर चले गए। बाद में दूसरे मिस्त्रियों को काम दिया गया लेकिन उन्हें भी पेमेंट नहीं होने के चलते वह भी कुछ कार्य करने के बाद काम छोड़कर चले गए।

साल में चार बार मजदूर मिस्त्रियों को बदला गया फिर भी काम नहीं हो पाया है। इस समय अब फिर काम बंद पड़ा है तथा शौचालय मरम्मत, चारदीवारी, फर्श, गेट लगाने तथा स्टाफ रूम में भी कार्य बीच में पड़ा है तो शौचालय की व्यवस्था शुरू न होने के चलते यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है वहीं गेट नहीं होने व चारदीवारी टूटी होने के चलते बसों की सुरक्षा भी भगवान भरोसे ही चल रही है। बताया जाता है कि शुरुआत में जिस ठेकेदार को ठेका दिया गया था उसे विभाग द्वारा बदला नहीं गया है जिसके चलते पैसे उसी के खाते में आते हैं तथा वह दूसरे काम करने वाले मजदूर मिस्त्रियों को पैसा नहीं दे रहा है। इसके चलते मजदूर मिस्त्री कुछ समय काम करने के बाद पेमेंट नहीं मिलने के चलते काम बीच में छोड़कर चले जाते हैं।

**कई बार कर चुके शिकायत**

*बस स्टैंड इंचार्ज राम सिंह ने बताया कि वह कार्य को पूरा करने के लिए कई बार बीएडंआर के अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं। बार-बार कार्य जल्दी पूरा करने का सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं लेकिन काम पूरा नहीं हो रहा है।*

**जल्द होगी कार्रवाई**

*बीएंडआर मंडल अधिकारी अरुण कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि बारे में विभाग जल्दी ही उचित कार्रवाई करेगा तथा ज्यादा जानकारी के लिए आप मुख्य कार्यकारी अभियंता से संपर्क करें तो ज्यादा बेहतर रहेगा।*

# जिंदल स्टेनलेस ने जारी किए 30 सितंबर को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम

- जेएसएल की शुद्ध आय 10,881 करोड़ रुपये रही, 11.6 फीसद अधिक
- भारत स्टेनलेस स्टील वैश्विक स्तर पर मानक स्थापित करे : अभ्युदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक, जिंदल स्टेनलेस।

**सर्वोच्च गुणवत्ता बनाए रखना प्राथमिकता**

कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि भारत स्टेनलेस स्टील निर्माण में वैश्विक स्तर पर मानक स्थापित करे। एक जटिल वैश्विक माहौल में आगे बढ़ते हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की स्टेनलेस स्टील जरूरतों को पूरा करना और सर्वोच्च गुणवत्ता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की आज घोषणा की। कंपनी की ब्रिक्री 6,48,050 टन रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक है, जबकि शुद्ध आय 10,881 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है। एकल एबिट्डा और पीएटी क्रमशः 1,060 करोड़ रुपये और 644 करोड़ रुपये रहे, जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 5.3 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत अधिक हैं। समेकित शुद्ध आय 10,893 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.4 प्रतिशत अधिक है। समेकित एबिट्डा 1,388 करोड़ रुपये रहा और पीएटी 808 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 17 प्रतिशत और 32.6 प्रतिशत अधिक है। समेकित शुद्ध ऋण 3,646 करोड़ रुपये जबकि इक्विटी की तुलना में शुद्ध ऋण अनुपात 0.2 एक्स रहा।

# कृष्णा देवी गुरुकुल स्कूल के प्रीत गिल और हर्षित भूकर ने जीते स्वर्ण पदक

- राज्य स्तरीय जू-जित्सु चैम्पियनशिप में छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दूसरी के हर्षित भूकर और कक्षा तीसरी के प्रीत गिल ने हाल ही में झज्जर में आयोजित राज्य स्तरीय जू-जित्सु चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से कई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान दोनों नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निदेशिका एडवोकेट काजल धायल ने बच्चों की सफलता पर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश पांडेय ने दोनों विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



उकलाना। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाई गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं जंयती

- गुरु के बलिदान, मानवता व सेवा के संदेश को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुजी के बलिदान, निस्वार्थ सेवा और मानवता के लिए दिए गए संदेशों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने किया। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के जीवन आदर्शों-धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए किए गए अद्वितीय बलिदान को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इतिहास विभाग की प्रभारी रीतू के निर्देशन में कला, कॉमर्स व सांइस की 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व अतिथिगण। *फोटो :हरिभूमि*

# विधायक ने 3.11 करोड़ के कार्यों का किया शुभारंभ

- हिसार को विकास की नई दिशा मिलेगी : सावित्री जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विकास कार्यों का शुभारंभ करतीं विधायक सावित्री जिंदल। *फोटो : हरिभूमि*

विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहे हिसार में सोमवार को विधायक सावित्री जिन्दल द्वारा नगर निगम के वार्ड नं. 1 और वार्ड नं. 20 में लगभग कुल 3 करोड़ 11 लाख रुपये की अनुमानित लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

विधायक ने वार्ड नं. 1 में बूस्टिंग स्टेशन न्यू ऋषि नगर तक 46.46 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा बचपन प्ले स्कूल से बूस्टिंग स्टेशन, सत्य नगर तक 27.26 लाख रुपये के सीसी रोड निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इसी कड़ी में वार्ड नं. 20 में होने वाले प्रमुख कार्यों में 44.98 लाख रुपये की लागत से मिलेनियम पैलेस के सामने गीता चौक का निर्माण कार्य, हेयर सैलून से आशु के घर तक 29.72 लाख रुपये की लागत की आईपीबी सड़क निर्माण, हनुमान मंदिर के पास अग्रसेन कॉलोनी में 49.86 लाख रुपये की विभिन्न सीसी सड़कों का निर्माण, 50 लाख रुपये की लागत से विभिन्न पार्कों का नवीनीकरण तथा मकान नं. 81, मुख्य चौक से प्रीति नगर व प्रेम नगर तक 62.87 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनका संकल्प है। इस अवसर पर पूर्व मेयर शकुन्तला राजलीवाला, पार्षद जगमोहन मितल, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद नवीन सेन, पार्षद प्रतिनिधि टीनू जैन, प्रवीन जैन, स्नेहलता निंबल, कृष्ण ऐरन, योगेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, विनोद वर्मा, विनय गुप्ता, एक्सईएन अमित कौशिक, एसडीओ सुनील लांबा आदि उपस्थित रहे।



हिसार। छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

### रस्साकस्सी में जाट कॉलेज की छात्रा ने जीता स्वर्ण

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की छात्रा दीपिका ने 15वीं एशियन बीच रस्साकस्सी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर कालेज में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेश ख्यालिया ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन मलेशिया में हाल ही में हुआ। इसमें महाविद्यालय की छात्रा दीपिका ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-23 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। दीपिका कॉलेज में बीएससी स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष की छात्रा है तथा वह खेल प्रशिक्षक प्रदीप चहल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही है। महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने दीपिका के प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर प्राध्यापिका स्वीटी जून तथा डॉ. विनय कुमार भी मौजूद रहे।

# आरपीएस सैनिक स्कूल में अंतर सदन समूह चर्चा का आयोजन

- इन्वायरमेंटल सिक्योरिटी इन वार एंड आर्म्ड कॉनफ्लिकट विषय पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस सैनिक स्कूल में सोमवार को इन्वायरमेंटल सिक्योरिटी इन वार एंड आर्म्ड कॉनफ्लिकट विषय पर छठी कक्षा के विद्यार्थियों के अंतर सदन समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा युद्ध और सशस्त्र संघर्ष के समय पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता में प्रत्येक सदन के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने युद्ध की परिस्थितियों में पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों, जैसे जल, वायु और भूमि प्रदूषण, जैव विविधता की हानि तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाश पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। निर्णायकों ने रामानुजन सदन के कैडेट मयंक यादव और कैडेट भविष्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप देशवाल तथा प्रधानाचार्या एकता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच विकसित होती है और वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक नागरिक बनते हैं।



हांसी। आरपीएस सैनिक स्कूल में आयोजित अंतर सदन समूह चर्चा में भाग लेते विद्यार्थी।



आदमपुर। बैठक में अतिथियों को सम्मानित करते परिषद के प्रधान अनिल गोयल एडवोकेट व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### अनुशासन, संस्कार व सेवा भाव को और सुदृढ़ करें

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद, हरियाणा पश्चिम प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय परिषद बैठक का आयोजन मदर प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में सम्पन्न हुई।इस बैठक की आतिथ्य शाखा भारत विकास परिषद, मंडी आदमपुर रही। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष हरियाणा पश्चिम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गजेन्द्र सिंह संधू, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय समन्वयक ने परिषद कार्यों में अनुशासन, संस्कार और सेवा भाव को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया। विशेष सान्निध्य डॉ. परमजीत पाहवा क्षेत्रीय अध्यक्ष, उत्तर क्षेत्र-2 का रहा। इसके अतिरिक्त बैठक में लगभग 25 शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, संयोजक एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शाखा आदमपुर की अनुशासित व्यवस्था, सज्जा, समर्पण भावना और स्वादिष्ट भोजन की सर्वत्र प्रशंसा हुई। कार्यक्रम की एक विशेषता यह रही कि पूरे आयोजन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। प्रांतीय पदाधिकारियों में दीपक शर्मा प्रांतीय महासचिव, तथा हुक्मचंद गोयल प्रांतीय संयोजक संस्कार की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



हिसार। नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करते मिलन पूनिया।

### मिलन पूनिया ने रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

**हिसार।** किरोड़ी गांव निवासी एवं रक्तदाता डॉ. बलकार सिंह पूनिया और अमरजीत कौर के पुत्र मिलन सिंह पूनिया ने अपने 18वें जन्मदिन पर नागरिक अस्पताल में रक्तदान करके वयस्क जीवन की शुरुआत एक नेक कार्य से की। डॉ. पूनिया ने बताया कि हर वर्ष बच्चों के जन्मदिन पर हवन-यज्ञ, रक्तदान और पौधरोपण किया जाता है। डॉ. बलकार सिंह पूनिया अब तक 34 बार रक्तदान कर चुके हैं, जबकि उनकी पत्नी अमरजीत कौर ने 21 बार रक्तदान किया है। परिवार के अन्य सदस्य भी रक्तदान जैसे पुण्य कार्य का अभिन्न हिस्सा हैं। डॉ. पूनिया ने बताया कि उन्होंने निर्णय लिया कि अपने बच्चों के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी विशेष अवसर पर वे कोई दिखावटी आयोजन की बजाय रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से उसे सार्थक बनाएंगे। पहले उन्होंने स्वयं और अपने परिवार को इस मिशन से जोड़ा, फिर यह कार्य धीरे-धीरे एक अभियान बन गया। आज इस मुहिम से करीब 200 लोग सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### निरंतर मिलाप टीम आज हिसार में

**हिसार।** भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की पेंशन एवं वेलफेयर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री द्वारा निरंतर मिलाप टीम का गठन किया गया है। यह टीम 11 नवंबर को हिसार पहुंचेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हिसार के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं रिटायर्ड विंग कमांडर सुजाता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य रेजिमेंट के सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को एक ही स्थान पर पेंशन, वेलफेयर और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सहायता प्रदान करना है।

## किसानों को मौके पर ही दी बेलर तथा सुपर सीडर मशीनें

# फसल अवशेष नहीं जलाने को लेकर किया जागरूक

**पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से गांवों में जागरुकता कैंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सोमवार को उपमंडल के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रमों का नेतृत्व एसडीएम राजेश खोथ ने किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेतों में पराली नहीं जलाएं, क्योंकि इससे जहां वायु प्रदूषण बढ़ता है, वहीं मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम होती है तथा इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

एसडीएम खोथ ने कहा कि सरकार की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जो खेतों में अवशेषों को नष्ट करने में काफी कारगर है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष को मिट्टी में ही नष्ट करने से न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा, बल्कि मिट्टी में जैविक तत्व भी बढ़ेंगे, जिससे पैदावार में सुधार आएगा।



हांसी। किसानों को फसल अवशेष न जलाने वाले जागरूक करते एसडीएम राजेश खोथ।

**पराली जलाना कानूनी अपराध**

*इस अवसर पर किसानों को बेलन, सुपर सीडर और अन्य आवश्यक मशीनें उपलब्ध करवाई गईं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पराली जलाना कानूनन अपराध है और इसके लिए प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि उपमंडल में ढाणी पाल और खेड़ी गगन गांव के दो किसानों पर फसल अवशेष जलाने के मामले में जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता कार्यक्रम उपमंडल के सिसाय, बोलान, सिसाय कालीरमन, ढाणी पाल और खेड़ी गगन गांव में आयोजित किए गए।*